## खास खबरें

### सरस्वती नगर से एक्टिवा चोरी

**नप्र, भोपालः** टीटी नगर थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा (एमपी-04 एसजे-5483) अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। वाहन की कीमत लगभग 10 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ वाहन चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जेपी नगर में सड़क हादसे में महिला घायल

गौतम नगर थाना क्षेत्र के जेपी नगर में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला घायल हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बायपास पर बाइक सवार को टक्कर मारी

छोला मंदिर थाना क्षेत्र के अयोध्या बायपास पर तेज रफ्तार वाहन ने बाइक चालक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### गोविंदपुरा में अवैध शराब जब्त

गोविंदपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के कब्जे से 19 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। जब्त शराब की कीमत करीब 1,444 रुपये बताई गई है। मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### मिसरोद में 330 क्वार्टर शराब बरामद

मिसरोद थाना पुलिस ने रतनपुर रोड अंडरब्रिज के पास दबिश देकर 330 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। शराब की कीमत 25,600 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

### कच्ची शराब के साथ आरोपी को पकड़ा

गांधी नगर पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 13 लीटर कच्ची शराब बरामद की। जब्त शराब की कीमत 5,776 रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### हमीदिया अस्पताल में युवती की मौत

कमला नगर थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती की फांसी लगाने के बाद उपचार के दौरान हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

### श्यामला हिल्स से बुजुर्ग लापता

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र से 71 वर्षीय बुजुर्ग बिना बताए घर से चले गए। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

### टीला जमालपुरा से महिला लापता

टीला जमालपुरा थाना क्षेत्र से 39 वर्षीय महिला घर से बिना बताए कहीं चली गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

# कल से भोपाल की सड़कों पर दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें

## पांच दिन बिना यात्रियों के ट्रायल, अगस्त में संचालन की तैयारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में नगर निगम बड़ा कदम उठाने जा रहा है। सोमवार से शहर में 21 नई इलेक्ट्रिक सिटी बसों का ट्रायल रन शुरू होगा। पहले चरण में पांच दिनों तक इन बसों का संचालन बिना यात्रियों के किया जाएगा।

इस दौरान बैटरी बैकअप, चार्जिंग सिस्टम, ब्रेकिंग, जीपीएस, आईटीएमएस सहित सभी तकनीकी और परिचालन व्यवस्थाओं का परीक्षण किया जाएगा। साथ ही रूट की व्यवहारिकता, चार्जिंग अंतराल और संचालन व्यवस्था का भी आकलन किया जाएगा। पहले चरण के सफल होने के बाद दूसरे चरण में यात्रियों के साथ ट्रायल रन



कराया जाएगा। दोनों चरणों के संतोषजनक परिणाम मिलने के बाद बसों को नियमित सेवा में शामिल किया जाएगा। नगर निगम की योजना है कि ट्रायल प्रक्रिया पूरी होने के बाद 15 अगस्त तक इन बसों का नियमित संचालन शुरू कर दिया जाए।

प्रदेश में खरीदी जा रही 500 इलेक्ट्रिक बसों में से भोपाल को 100 बसें मिलनी हैं। इनकी आपूर्ति जनवरी 2026 में प्रस्तावित थी, लेकिन टेंडर प्रक्रिया और ऑपरेटर के चयन में देरी के कारण बसों की सप्लाई समय पर नहीं हो सकी। फिलहाल 100 में से 21 बसें भोपाल पहुंच चुकी हैं, जिनका ट्रायल शुरू किया जा रहा है।पीएम ई-बस सेवा के तहत मिली 25 सीटर इन अत्याधुनिक बसों में एयर कंडीशनिंग, ऑटोमेटिक गेट, दिव्यांग यात्रियों के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन, फायर अलार्म, जीपीएस आधारित ट्रैकिंग और डिजिटल टिकटिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। एक बार फुल चार्ज होने पर बसें करीब 180 किलोमीटर तक चल सकेंगी। बैरागढ़ स्थित ई-बस डिपो में चार्जिंग स्टेशन और अन्य आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

ट्रायल रन के दौरान बसों का संचालन फिलहाल दो रूटों पर किया जाएगा। पहला रूट बैरागढ़ से मिसरोद के बीच तय किया गया है, जबकि दूसरे रूट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सभी 100 बसें मिलने के बाद राजधानी और आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने वाले 10 प्रमुख रूटों पर इलेक्ट्रिक बस सेवा संचालित करने की योजना है।

### पहले पांच दिन बिना यात्रियों के चलेंगी ई-बसें

'सोमवार से 21 नई इलेक्ट्रिक बसों के पहले चरण का ट्रायल रन शुरू किया जाएगा। शुरुआती पांच दिनों तक बसें बिना यात्रियों के संचालित होंगी, ताकि सभी तकनीकी और परिचालन व्यवस्थाओं की जांच की जा सके। इसके बाद यात्रियों के साथ भी ट्रायल रन होगा। दोनों चरण सफल रहने पर बसों को नियमित संचालन में शामिल कर दिया जाएगा।'

**अंजू अरुण कुमार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

# राष्ट्रीय अजा आयोग के अध्यक्ष ने किया पौधारोपण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने बीएचईएल स्थित एसबीआई ऑक्सीजन बैंक परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान ललिताम्बा सोशल सोसायटी के सचिव एवं मियावाकी वन विशेषज्ञ डॉ. पंकज भारती ने उन्हें ऑक्सीजन बैंक की विशेषताओं, जैव विविधता और पर्यावरणीय महत्व की जानकारी दी। अंतर सिंह आर्य ने डॉ. पंकज भारती सहित पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ पौधों का संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके विकसित होने तक देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम में एसबीआई, बीएचईएल भोपाल के अधिकारी तथा संस्था के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# भारत भवन में आज सजेगी 'कथा सियाराम की'

## डॉ. सोनल मानसिंह के निर्देशन में होगा नृत्य-नाट्य



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारत भवन के संगीत केंद्र अनहद द्वारा आयोजित 'महिमा' श्रृंखला के अंतर्गत रविवार को भारतीय शास्त्रीय नृत्य और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

इस अवसर पर पद्म विभूषण डॉ. सोनल मानसिंह की परिकल्पना एवं निर्देशन में बहुचर्चित नृत्य-नाट्य 'कथा सियाराम की' का मंचन किया जाएगा। यह प्रस्तुति शाम 7 बजे भारत भवन में होगी। इसमें प्रवेश सभी दर्शकों के लिए निशुल्क रहेगा। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि यह सांस्कृतिक संध्या भारतीय शास्त्रीय नृत्य की अप्रतिम साधिका डॉ. सोनल मानसिंह के विशिष्ट कलात्मक योगदान को समर्पित है। 'कथा सियाराम की' केवल एक नृत्य प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों की सशक्त कलात्मक अभिव्यक्ति है। प्रस्तुति में नृत्य, संगीत और भावाभिव्यक्ति के प्रभावशाली समन्वय के माध्यम से भगवान श्रीराम और माता सीता के आदर्श जीवन प्रसंगों को मंच पर जीवंत किया जाएगा।



# शिर्डीपुरम् के बंद रास्ते खुले रहवासियों को मिली राहत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** वार्ड-82 के शिर्डीपुरम क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़े रास्तों को नगर निगम ने शनिवार को खोल दिया, जिससे स्थानीय रहवासियों को राहत मिली। क्षेत्रवासियों का कहना था कि रास्ते बंद होने से आवागमन में लगातार परेशानी हो रही थी।

कोलार कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने बताया कि उन्होंने एक दिन पहले नगर निगम अधिकारियों से मुलाकात कर 24 घंटे के भीतर रास्ते खुलवाने की मांग की थी। उन्होंने समय पर कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। शनिवार सुबह नगर निगम ने क्षेत्र के सभी प्रमुख रास्ते खोल दिए, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने राहत जताई।

# वार्ड-82 में स्ट्रीट लाइट की मांग तेज कांग्रेस ने ननि पर उठाए सवाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कोलार क्षेत्र के वार्ड-82 में वेस्टर्न कोर्टयार्ड कॉलोनी से दानिश कुंज तक स्ट्रीट लाइट नहीं होने का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। कोलार कांग्रेस ने क्षेत्र में पसरे अंधेरे की तस्वीरें जारी कर नगर निगम पर लापरवाही का आरोप लगाया और जल्द स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है।



कोलार कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने कहा कि इस मार्ग पर लंबे समय से स्ट्रीट लाइट नहीं होने के कारण रात के समय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका दावा है कि अंधेरे का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व भी यहां सक्रिय रहते हैं, जिससे स्थानीय रहवासियों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। राठौड़ ने आरोप लगाया कि पिछले चार वर्षों में क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों द्वारा इस सड़क पर स्ट्रीट लाइट लगाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। उन्होंने बताया कि सोमवार को नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर इस मार्ग पर शीघ्र प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गईं तो कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्र में प्रतीकात्मक प्रदर्शन करेंगे। नगर निगम की ओर से इस संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# विशेष लोक अदालत में धारा 138 के 95 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव जी के मार्गदर्शन में शनिवार यानी 18 जुलाई 2026 को जिला न्यायालय भोपाल और तहसील न्यायालय बैरसिया में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इसमें धारा 138 लिखत परकाम्य अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) एवं उससे संबंधित अपील प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ नवम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जिला समन्वयक आशुतोष शुक्ल, बीसवें अपर सत्र न्यायाधीश संजय वर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/ न्यायाधीश सुनीत अग्रवाल और जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मुहम्मद जीलानी द्वारा मां सरस्वती एवं महात्मा गांधी की मूर्ति पर



दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर न्यायालयीन स्टाफ के साथ-साथ गठित खंडपीठों के पीठासीन अधिकारीगण, सुलहकर्ता सदस्यगण, बैंकों के अधिकारी और उनके पैनल अधिवक्ता भी उपस्थित रहे। इस विशेष लोक अदालत के लिए कुल 7 खंडपीठों का गठन किया गया था, जिनके माध्यम से आपसी समझौते के आधार पर कुल 95 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया।

### रेलवे स्टेशन रोड पर मारपीट

**नप्र, भोपालः** बजरिया थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन रोड पर विवाद के दौरान गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**महिला से मारपीटः** हबीबगंज थाना क्षेत्र के 5 नंबर स्टॉप पर महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्रेडिट कार्ड से 2.98 लाख की ठगी :** बागसेवनियां थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग कर 2.98 लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**नाबालिग से मारपीट का आरोपः** गौतम नगर थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी ने अपने पिता पर गाली-गलौज, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने किशोरी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

# चालीहा के पहले शुक्रवार को बहिराणा साहब में दीं आहुतियाँ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** लालघाटी स्थित विजयनगर में सिंधी समाज उत्थान पंचायत द्वारा हरि सेवा गंगा दरबार में भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव के प्रथम शुक्रवार पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से बहराणा साहब का भव्य आयोजन किया गया।

अध्यक्ष एवं व्यवस्थापक आनंद सबधाणी ने बताया कि भगवान झूलेलाल का यह पावन चालीहा महोत्सव पूरे 40 दिनों तक चलेगा, जिसके अंतर्गत प्रथम शुक्रवार को परंपरानुसार बैराणा साहब रखा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एकत्रित हुए महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बहिराणा साहब में आहुति दी और समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

इसके पश्चात सभी श्रद्धालु सामूहिक रूप से शीतलदास की बगिया पहुंचे, जहां धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए



बैराणा साहब का श्रद्धापूर्वक विसर्जन किया गया।

भगवान झूलेलाल के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालुओं ने समाज में आपसी भाईचारे की कामना के साथ नियमित रूप से इस महोत्सव में शामिल होने का संकल्प लिया। इस पावन अवसर पर आनंद सबधाणी, साध्वी मंजरी प्रिया, अशोक तिलवानी, सुशी डोडानी, इंदरदास मेघानी, राधेश्याम नाथाणी, किशन आसुदानी, मनोहर आसुदानी, अर्जुन वाधवानी, हरचंद ग्वालानी, नंदलाल मोतयानी और गीता सजदेवा सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नवयुवक सभा में छात्र परिषद के चुनाव

# लोकतंत्रिक प्रक्रिया से छात्रों ने पदाधिकारी चुने



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** नवयुवक सभा द्वारा संचालित अनन्दराम टी. शाहानी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद के चुनाव संपन्न हुए।

इस विशेष अवसर पर संस्था के अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने कहा कि विद्यालयीन चुनावों के माध्यम से छात्र लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सीखते हैं। संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी ने लोकतंत्र की परिभाषा देते हुए कहा कि यह 'जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा' शासन है। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य पुरुषोत्तम टिलवानी, प्रधानाचार्य प्रिया धर्मदासानी समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**यह चुने गए पदाधिकारी :** अनन्दराम टी. शाहानी विद्यालयः कनक मालवीय को अध्यक्ष, वर्षा अहिरवार को उपाध्यक्ष, जरीन कुरैशी को सचिव और कनक माली को संयुक्त सचिव चुना गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न मंत्रालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसमें सोनाक्षी तायड़े को खेल मंत्री, अलीशा खान को सांस्कृतिक मंत्री, अंशिका परमार को पुस्तकालय मंत्री, मुस्कान अहिरवार को कंप्यूटर मंत्री, नैना मदेशिया को पर्यटन मंत्री, कंचन पाल को अनुशासन मंत्री, कनिष्का मालवीय को शिक्षा मंत्री, अंजली रामचंदानी को स्वास्थ्य मंत्री तथा सानिया यादव को विशेष मंत्री का दायित्व दिया गया।

**सिंधु माध्यमिक विद्यालयः** वर्षा नामदेव को अध्यक्ष, पीयूष घोसी को उपाध्यक्ष, गौरव नागेलिया को सचिव और सिया वासवानी को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। अन्य दायित्वों में अश्वनी मनवानी को खेल मंत्री, प्रियांशी धुलिया को सांस्कृतिक मंत्री, खुशबू अहिरवार को पुस्तकालय मंत्री, यशिता राठौर को कंप्यूटर मंत्री, मून शर्मा को पर्यटन मंत्री, मोहित गढ़वाल को अनुशासन मंत्री, ध्रुव गिरी को शिक्षा मंत्री और तन्वी गोहर को स्वास्थ्य मंत्री चुना गया। साथ ही, करिश्मा वरिया और ऋषि वर्मा को विशेष मंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी गई।

# साधु वासवानी एजुकेशनल सोसायटी के त्रिवार्षिक चुनाव में डेटानी अध्यक्ष, मनवानी महासचिव बने



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** साधु वासवानी एजुकेशनल सोसायटी के त्रिवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इस चुनाव में दयाल दास डेटानी को अध्यक्ष, सुरेश दरियानी को उपाध्यक्ष, राजेन्द्र मनवानी को महासचिव, अशोक आडवानी को सचिव, दिनेश वाधवानी को कोषाध्यक्ष और हेमन्त आसवानी को ऑडिटर नियुक्त किया गया।

इसके साथ ही, श्रीमती मुस्कान डेटानी को सांस्कृतिक सचिव, श्रीमती सुचित्रा आसवानी को क्रीड़ा सचिव, श्रीमती सान्या मनवानी एवं श्रीमती हेमा वाधवानी को हेल्थ एंड हाइजीन कमेटी का सदस्य तथा इन्दर कुमार आडवानी को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने आपस में एक-दूसरे को बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को फूल-मालाएं एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

इसके साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह, समस्त प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने सोसायटी के सदस्यों को बधाई दी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा SHEKHAR था। जो कि मेरे पासपोर्ट पर अंकित है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर SHEKHAR MEENA हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम SHEKHAR MEENA S/O SHIV CHARAN से ही जाना व पहचाना जाए।

ADDRESS : 151, IMALIYA, IMLIYA, BHOPAL (M.P.) - 462010

991

**कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आई.बी.डी. हालमार्क रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

(पंजी. क्र./डी.आर.बी.-1225, दिनांक 22.03.2016)

क्रमांक/रजि. अ./2026/02

भोपाल, दिनांक 18/07/2026

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि, संस्था के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतः संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था कार्यालय के नोटिस बोर्ड, कार्यालय उप-आयुक्त सहकारिता, भोपाल, विकास खण्ड फंदा, इंडियन ओवरसीज बैंक बोरदा, कोलार रोड़, भोपाल के सूचना पटल पर दिनांक 18/07/2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 18/07/2026 से दिनांक 25/07/2026 तक मुझे कार्यालयीन समय दोपहर 12.00 बजे से 02.00 बजे तक कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, (डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय) भोपाल में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, (डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय), भोपाल में दिनांक 26/07/2026 को दोपहर 12.00 बजे से किया जावेगा। सूचना संस्था के समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।

**(संगीता मीना)**

**कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आई.बी.डी. हालमार्क रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

990